प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 46 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 08 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज से

सिवनी यशोः- आमकोला की पहाड़ी में पवनपुत्र हनुमान जी की प्राण- प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण अनुष्ठानआज गुरुवार 08 जून से प्रारंभ होगा।

मु यालय से 08 किलोमीटर दूर नागपुर रोड में स्थित ग्राम आमकोला की पहाड़ी में ग्रामीणों के सहयोग से नवनिर्मित हनुमानगढ़ी मंदिर में पवनपुत्र हनुमान जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा शनिवार 10 जून की जा रही इस दिन पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद भंडारा का आयोजन रखा गया है।

हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा तथा मंदिर के शिखर में कलशारोहण अनुष्ठान द्वारिका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज के कृपापात्र शिष्य आचार्य द्वय ओम-गणेश दीक्षित के आचार्यत्व में स पन्न होगी जिसमें गुरुवार 08 जून को दशविधि स्नान, मंडल पूजन तथा हनुमान जी शोभायात्रा ग्राम भ्रमण पर निकलेगी अगले दिन शुक्रवार 09 जून को विभिन्न अधिवास स पन्न होंगे।

10 जून को श्री हरि प्याउ का नेहरू रोड में लोकार्पण

सिवनी यशोः- सिवनी जिला मु यालय के नेहरू रोड में नायक

लॉथ स्टोर के समीप आम नागरिकों की प्यास बुझाने के लिये शीतल पेयजल उपलब्ध होने लगेगा।

जिले सुप्रसिद्ध सराफा व्यापारी मालू परिवार द्वारा नगर पालिका सिवनी के माध्यम से उपलब्ध कराए गए स्थल पर प्याउ का निर्माण पूर्ण हो गया है, अब इसका लोकार्पण आगामी 10 जून शनिवार को शाम 5 बजे नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों व वार्ड के रहवासियों की उपस्थिति में होगा।

ज्ञात हो कि प्याउ का निर्माण जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के पूर्व जिलाध्यक्ष, समाजसेवी स्व महेश चन्द उमेश मालू की स्मृति में मालू परिवार के राजेश चंद मालू, आलोक चंद मालू, अतुल मालू, पुनीत मालू व मालू परिवार दवरा बनाया गया है।

इस प्याु के आंरभ होने के बाद जिले के प्रमुख बुधवारी व नेहरू रोड में आने वाले नागरीय व ग्रामीण नागरिको व व्यापारियों को शुद्ध व ठंडा पेजयल उपलब्ध होने लगेगा।

जबरन नॉलेज

कांग्रेस की चिकनी चुपड़ी बातो से रहे सावधान - कुलस्ते

सिवनी यशो :- कांग्रेस ने जनता का केवल शोषण किया है जनता के

विकास और जनकल्याण केवल भाजपा ही कर सकती है, कांग्रेस झूठी है जनता को देती है धोखा

कल्याण की इनकी सोच नहीं है । यह झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करते है और हमारी कल्याणकारी सरकार का झूठा दुष्प्रचार करते है । इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है और जनता को पूरी तरह जागरूक रहकर कांग्रेस को नकारने का काम पूरे संकल्प के साथ करना है । आम जनता का हितो और चहुँमुखी विकास को साकार रूप भाजपा की केन्द्र में बैठी श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और प्रदेश में की कल्याणकारी शिवराज सरकार ने दिया है । प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिये लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की है जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनायेगी । उत्ताशय की बात केन्द्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने केवलारी में आयोजित हितग्राही स मेलन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये कही ।

बुधवार को केवलारी विधानसभा मु यालय में आयोजित हितग्राही स मेलन में बड़ी सं या में अनेक योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे कार्यक्रम में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश पाल सिंह भाजपा के नेतागण एवं हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की चिकनी चुपड़ी बातों में मत आना प्रदेश में 18 माह कांग्रेस की सरकार रही है उस समय कांग्रेस ने जो वायदे किये थे उसे पूरा नहीं किया था बल्कि पूरे प्रदेश में लूट खसोट शुरू हो गयी थी । भाजपा की सरकार ने जो आम जनता के कल्याण के लिये योजनाएँ प्रारंभ की थी उसे कमलनाथ ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया था । श्री कुलस्ते ने कमलनाथ शासन में बंद हुई योजनाओं के बारे में बताते हुये कहा कि मु यमंत्री कल्या विवाह, संबल योजना, तीर्थ दर्शन जैसी योजनाएँ बंद कर दी गयी थी । किसानों से कर्ज माफी के नाम पर वोट लेने वाले कमलनाथ ने किसानों को लाल पीले कागज में उलझा दिया था पर कर्ज माफ नहीं किया उल्टे किसानों को डिफाल्टर बना दिया ।

इस अवसर पर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केवलारी विधानसभा में लगातार कांग्रेस के विधायक रहे इन्होंने विधानसभा क्षेत्र में कितना विकास किया और भाजपा ने पाँच वर्ष में कितना विकास किया यह स्पष्ट रूप से श्री कुलस्ते ने कहा कांग्रेस सत्ता में आकर लूट खसोट करना चाहते परंतु भाजपा सत्ता आती है आम जनता के हितों एवं विकास के काम करती है । श्री कुलस्ते ने कहा कि अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को लाभ भाजपा की सरकारें पहुँचा रही है ऐसा कोई परिवार नहीं है जिसे किसी न किसी योजना का लाभ न मिल रहा हो । श्री कुलस्ते ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के एक एक दिख रहा है भाजपा की सरकारे विकास और जनकल्याण के भाव से काम करती है । कांग्रेस यहाँ की जनता से केवल वोट लेती रही और सत्ता हासिल की परंतु क्षेत्र के विकास के प्रति और आम जनता के कष्टों को दूर करने में उदासीन रही । आम जनता से निरंतर संवाद और उनकी

कांग्रेस ने केवल जनता से वोट लिये परंतु विकास और जनता के कष्टों की कोई चिंता नहीं की - पाल

भावना के अनुरूप काम करती है । श्री पाल ने कहा कि मैंने विधायक बनने के पश्चात प्रदेश के मु यमंत्री जी से मिलकर हर विकास के काम कराने का प्रयास किया है किसानों और गरीबों के हितों में काम करने के लिये हम संकल्पित भाव से काम कर रहे है । श्री पाल ने लाड़ली बहना योजना को प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना बताते हुये कहा कि हमारे मु यमंत्री जी माताओं बहनों के प्रति बेहद उदर भाव से काम करते है उनकी चिंता करते है आने वाले समय में और अधिक सुविधाएँ भी भाजपा ही देगी कांग्रेस से उ मीद करना अपने साथ केवल धोखा करना है । श्री पाल ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएँ और सिचाई के लिये बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है । गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के जितने मकान बनाये गये है । उतने मकान कांग्रेस के 70 साल के शासन में नहीं बने । क्षेत्र में चमचमाती सड़के, घर पेयजल, बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐतिहासिक विकास भाजपा की सरकार ने किया है । श्री कुलस्ते ने कहा कि केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह इस क्षेत्र के विकास के लिये बेहतर काम कर रहे है उनके प्रयासों से बहुत बड़े आने वाले समय में कृषि से संबंधित उद्योग क्षेत्रीय किसान प्रारंभ करें इसके लिये सरकार गंभीरता से विचार कर रही है और इन उद्योगों से हमारे नवजवानों को बेहतर रोजगार प्राप्त हो यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है इसके लिये सरकार युवाओं के कौशल में निखार लाने के लिये सीखो और कमाओ योजना प्रारंभ कर रही है ।

मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, भाजपा के नेता और विधानसभा क्षेत्र के अन्य मंडलों के अध्यक्ष परिषद के उपाध्यक्ष एवं पार्षद गण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

गीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का समारोह पूर्वक समापन

सिवनी यशोः- बुधवार 07 जून

सिवनी विधायक के मु यातिथ्य एवं जिला कले टर की अध्यक्षता में हुआ समापन

को ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य तथा क्षितिज सिंघल कले टर सिवनी की अध्यक्षता में फुटबाल स्टेडियम सिवनी में स पन्न हुआ । सर्वप्रथम प्रातः 60:30 बजे से जिला मु यालय में संचालित सभी 13 खेल फुटबाल, बैडमिंटन, एथलेटि स, हॉकी, कराते, व्हालीबॉल, कबड्डी, जु-जित्सू, बॉ सिंग, वुशु, जि नास्टिक, स्केटिंग, योग के खिलाड़ियों को मनीष मिश्रा विधायक प्रतिनिधि के हस्ते दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी की ओर से उपलब्ध कराई गई टी-शर्ट का वितरण सभी संबंधित खेल प्रशिक्षकों के माध्यम से किया गया। विधायक एवं कले टर द्वारा खिलाड़ियों की अत्याधिक सं या व उनके उत्साह को देखते हुये सभी खिलाड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई, जिससे खिलाड़ियों में जोश का संचार हुआ एवं सभी खिलाड़ियों एवं अन्य उपस्थित जन समूह ने जोरदार तालियों से विधायक एवं कले टर का स्वागत किया।

विधायक श्री राय व जिला कले टर श्री सिंघल को पौधा भेंट कर एवं सफेद कैप पहनाकर कृष्ण कुमार चौरसिया खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा स्वागत किया गया। तदोपरांत स्टेडियम में उपस्थित खेल संघ के पदाधिकारियों, मीडिया के प्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों को खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से सफेद कैप पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कृष्ण कुमार चौरसिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा अपने प्रतिवेदन में बताया गया कि जिला मु यालय को छोड़कर शेष सभी 7 विकासखंडों में 2 से 3 खेलों में 22 खेल प्रशिक्षकों द्वारा लगभग 800 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला मु यालय में उपरोक्त सभी 13 खेलों में 35 अशासकीय तथा 12 शासकीय खेल प्रशिक्षकों के द्वारा लगभग 1200 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया किया। समर कैंप में प्रातः के समय पौष्टिक आहार की व्यवस्था बालाघाट सांसद डॉ. ढौलसिंह बिसेन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से की गई तथा इस आयोजन में शिक्षा विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, नगर पालिका परिषद, स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित खेल संघों का सहयोग प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर जिला कले टर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रेरित किया तथा सिवनी विधायक श्री राय ने भी खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई हेतु समय निकालकर पढ़ाई एवं खेल में आगे रहने हेतु प्रेरित किया, आपने कहा

शेष समाचार पृष्ठ -3 पर

समाज ने हुक्का पानी बंद करने का कर दिया एलान, पीड़ित हो रहा परेशान

सिवनी यशोः- मंगलवार की नियमित जनसुनवाई में एक ऐसा मामला सामने आया जो यह प्रमाणित करता है कि आज के आधुनिक युग में और शिक्षा के व्यापक प्रचार प्रसार के पश्चात भी ग्रामीण परिवेश में पुरातन सामाजिक प्रथाओं का प्रचलन बरकरार है। 21 वी सदी में भी सकिर्ण मानसिकता के लोग दकियानूसी परमपरा को जिंदा रखने का असफल प्रयास किये हुए है कुछऐसा ही एक मामला जिले के घंसौर जनपद के मेहता ग्राम से रमपुरी निवासी ओमकार पिता गोपाल यादव को मात्र इस बात से उसका हुक्का पानी बंद कर दिया गया कि वह रिश्तेदार के यहां एक सामाजिक कार्यक्रम में भोज में किसी कारणवश नहीं पहुंच पाया

मंगलवार को कले टर के पास जनसुनवाई में पहुँचे घंसौर जनपद

अंतर्गत मेहता ग्राम के रमपुरी निवासी ओमकार पिता गोपाल यादव ने अपने आवेदन में कले टर से गुहार लगाते हुए बताया कि 2022 में ग्राम के ही श्यामलाल यादव के पुत्र की गंगाजली के कार्यक्रम में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाया जिसके कारण समाज ने उसका हुक्का पानी बंद कर दिया और समाज में उसे समाज के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने दिया जाता । समाज के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए ओमकार यादव को समाज द्वारा निर्धारित की गयी दंड राशि 21000 रूपये भुगतान करना पड़ेगी । कले टर के यहाँ आवेदन देने वाले ओमकार यादव ने उल्लेख किया है कि उसके तथा श्यामलाल के बीच पिछले वर्ष कुछ विवाद हुआ था । जिसमें शराब के नशे में श्यामलाल ने ओमकार की माँ एवं पत्नि के साथ मारपीट की थी जिसकी रिपोर्ट आरक्षी केन्द्र घंसौर में भी की गई इस बात को लेकर दोनों परिवारो के बीच चल चाल भी बंद है और इसी कारण वह उसके यहां कार्यक्रम में नही गया। साथ ही पीड़ित ने बताया कि उसे किसी से बात नहीं करने दिया जाता, पानी नहीं दिया जाता खेत जाने वाले रास्ते को रोका जाता है इसके अलावा उसके खेत में काम करने वाले मजदूरो को रोका जाता है । अनेक तरह से उसे परेशान किया जा रहा है । ओमकार यादव ने जिला कले टर से कार्यवाही की गुहार लगायी है।

लाठियों से पीटकर महिला को मौत के घाट उतारा, पति एवं पुत्र हुये घायल

सिवनी यशोः- केवलारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम चरगवाँ में एक युवक ने मगलवार की रात्रि में घर में घुस कर एक परिवार के साथ लाठियों से जबरदस्त प्रहार करते हुये एक महिला को मौत के घाट उतार दिया जबकि मृतक महिला के पति और पुत्र को लाठियों से घायल कर दिया । मृतिका के शव का परिक्षण कर अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंप दिया गया वहीं घयलों का उचापर चल रहा है ।

जानकारी के अनुसार केवलारी थाना क्षेत्र के ग्राम चरगवां में पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह राजपूत के पुत्र सौरभ राजपूत ने बाड़ी में मवेशी घुसने के विवाद पर वृद्ध महिला श्रीमती रूकमणी तिवारी की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। इस विवाद के दौरान मृतक महिला के पति इंद्र

प्रसाद तिवारी व पुत्र मुकेश तिवारी पर लाठियों के प्रहार से बुरी तरह से घायल कर दिया है जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवलारी चल रहा है ।

केवलारी पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बताया कि दोनों पक्षों के बीच में पूर्व से विवाद व वर्तमान में मवेशी के विवाद के चलते चरगांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह राजपूत के पुत्र सौरभ राजपूत ने इंद्र प्रसाद तिवारी के घर में घुसकर इंद्र प्रसाद तिवारी, पत्नी रुकमणी तिवारी व पुत्र मुकेश तिवारी के साथ लाठी से प्रहार प्रारंभ कर दिया । केवलारी अस्पताल में पदस्थ डो टर एके लकरा के अनुसार रुकमणी तिवारी व अन्य घायलों को केवलारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। जांच के बाद रुकमणी तिवारी मृत पाई गई। इसकी सूचना केवलारी पुलिस को दी गई। बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर केवलारी थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी और आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है । दी गयी जानकारी के अनुसार राजेंद्र राजपूत के घर की बाड़ी में किसी के मवेशी घुस गए थे। सौरभ राजपूत ने इंद्र प्रसाद तिवारी के मवेशी घुसने की बात कही। इसी के चलते विवाद हुआ और युवक ने इंद्र प्रसाद तिवारी के घर में घुस कर लाठी के प्रहार किया। जिससे महिला रूकमणी तिवारी 65 वर्ष की मौत हो गयी एवं 36 वर्षीय पुत्र मुकेश तिवारी का हाथ फ्रेक्चर हो गया है। इंद्र प्रसाद तिवारी को भी चोटें आई है।

भाजपा का संयुक्त मोर्चा स मेलन 10 जून को बंडोल में

सिवनी सिवनी विधान सभा के संयुक्त मोर्चा स मेलन आगामी 10 जून को बंडोल के श्री हरि लॉन में संपन्न होगा । इस स मेलन की सफलता के लिये सभी मोर्चो के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुये है । बुधवार को कार्यक्रम के प्रभारी संजीव मिश्रा, विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति, सनील बघेल, आशीष माना ठाकुर,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, शिव सनोडिया, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष लोकेश त्रिवेदी ने तैयारियों को लेकर आज समीक्षा बैठक ली । इस संयुक्त मोर्चा स मेलन में विधानसभा क्षेत्र में निवासरत सभी सातो मोर्चो के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्त्ताओं के साथ जिला विधानसभा क्षेत्र में निवासरत जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष मंडलों के प्रभारी एवं मोर्चो के प्रभारी इस स मेलन में आपेक्षित रहेंगे । इस स मेलन में वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा ।

MLA की शिकायत पर एक ही थाने के 11 पुलिसकर्मी लाइन अटैच, विधायक बोले- दलाली का अड्डा बना हुआ था थाना

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के एक थाने पर तैनात 11 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक ने पुलिस कप्तान से इसकी शिकायत की थी। विधायक ने कहा कि लगातार शिकायत मिल रही थीं। लेन-देन बढ़ गया था। थाना दलाली का अड्डा बन गया था।

बता दें कि राजगढ़ जिले में एसपी वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा एक ओर जहां आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को भी नहीं ब शा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जिले के कालीपीठ थाने का देखने को मिला है। मंगलवार को राजगढ़ विधायक बापू सिंह तंवर ने एसपी से शिकायत की थी, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त थाने के 11 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया है।

बुधवार को राजगढ़ विधायक बापू सिंह तंवर ने कहा कि क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुई थी कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है और एफआईआर लिखने के लिए भी पैसों की मांग की जा रही है। थाना दलाली का अड्डा बना हुआ है। उसी को लेकर मैंने राजगढ़ एसपी से मुलाकात की और मामला उनके संज्ञान में लाया गया। उन्होंने शिकायत सही पाई और तुरंत ऐ शन लेते हुए कालीपीठ थाने के 11 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया है। इसमें कालीपीठ थाने के तीन प्रधान आरक्षक व आठ आरक्षकों के नाम शामिल हैं, जिन्हें लाइन अटैच किया गया है।

शब्दों में उलझाकर हिन्दू समाज में बिखराव पैदा करने का एक और अध्याय

रमेश शर्मा.

सत्यहीन और तथ्यहीन बातों में उलझाकर सनातन हिन्दू समाज में बिखराव पैदा करने के कुचक्र में एक अध्याय और जुड़ गयाण् यह अध्याय है दृ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जी के एक संबोधन को लेकरण् संघ प्रमुख के भाव को बिना समझे केवल एक शब्द को मुद्दा बनाकर तनाव पैदा करने का प्रयास किया गयाण् इस कुचक्र को वे राजनीतिक दल और उनके समर्थक मीडिया समूह हवा दे रहे हैं जो भारत के स्वत्वए स्वाभिमान और सामाजिक उत्थान के लिये नहीं, अपितु अपने निहित उद्देश्य के लिये समाज को विभाजित करने का काम करते हैं।

संघ प्रमुख ने संत रविदास महोत्सव में भारतीय समाज रचना की श्रेष्ठता और मानव मात्र में एकत्व की विशेषता समझाईण् प्रत्येक मनुष्य और प्राणी में ईश्वरीय अंश का एकत्व भाव समझाया। संबोधन मराठी में थाण् उन्होंने संत रविदास जी का उद्धरण देते हुए कहा था सत्य यह है कि मैं सब प्राणियों में हूँ, इसलिए रूप नाम कुछ भी हो लेकिन योग्यता एक हैए मान स मान एक है, सबके बारे में अपनापन है। कोई भी ऊँचा या नीचा नहीं है। शास्त्रों का आधार लेकर पंडित ;विद्वान लोग जो जाति आधारित ऊँच.नीच की बात कहते हैंए वह झूठ है।

उनके इन वो यों में पंडित शब्द है, ब्राह्मण शब्द है ही नहीं। उनका पूरा संबोधन सांस्कृतिक और सामाजिक एकत्व पर केन्द्रित था। उसमें न तो किसी वर्ग, वर्ण या जाति की प्रशंसा है। न किसी की आलोचना। उन्होंने न किसी को श्रेष्ठ बताया और न किसी को नेष्ठ। उनके संबोधन में ब्राह्मण शब्द आया ही नहीं। हाँ पंडित शब्द आया। भारत में पंडित शब्द का आशय किसी वर्ण या वर्ग विशेष के लिये नहीं, अपितु विषय विशेषज्ञ के लिये होता है संघ प्रमुख का संकेत उन कुछ लोगों के लिये था जो स्वयं को ऊंचा दिखाने के लिये शास्त्रों की मनमानी व्या या करते हैं। और अपनी निजी राय को शास्त्रों का बहाना बनाकर समाज में विभेद करना चाहते हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत जी का भाव पूरे सनातन हिन्दू समाज में एकत्व की स्थापना करना था। किन्तु भाव को समझा ही नहीं गया और एक शब्द पकड़कर हमला बोल दिया गया।

वस्तुतः इस सारी बहस के पीछे संघ के विरुद्ध सनातन हिन्दू विरोधी मानसिकता है जो संघ पर हमला बोलने का अवसर और बहाना तलाशती है। अपनी स्थापना के प्रथम दिन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अभियान संपूर्ण हिन्दू सनातन समाज को एक सूत्र में पिरोने का रहा है। संघ यात्रा का संकल्प उन लोगों के मार्ग में बाधा बना जो भारतीय समाजजनों को विभाजित और भ्रमित करके अपने पंथ व सत्ता दोनों को बनाये रखना चाहते हैं। उनकी तो घोषित नीति रही श्विभाजित करो और शासन करोश्व वे जानते थे कि संसार भर में भारतीय गौरव संस्थापना का आधार सनातन हिन्दू समाज का अटूट ताना बाना रहा है, सांस्कृतिक परंपराओं की गरिमा से रहा है और उनकी वैज्ञानिकता से रहा है। इसके विरुद्ध दो षड्यंत्र चले। एक षड्यंत्र भारतीय मान्यताओं और परंपराओं का उपहास बनाकर समाज को अपनी जड़ों से दूर करने का और दूसरा समाज को बाँटकर अपनी सत्ता स्थापित करने काण् वे अपने षड्यंत्र में सफल हुये और भारत दासों का दास बनाण् लेकिन दासत्व के घोर अंधकार में भी कुछ व्यक्तिए समूहए वर्गए वर्ण और संगठन सांस्कृतिक परंपराओं और स्वत्व बोध के जागरण के लिये समर्पित रहेण

जो लोग षड्यंत्र करके भारत पर हावी हुएए उन लोगों के निशाने पर सदैव हर वह व्यक्तिए संस्था और संगठन रहा है जो भारत की मान्यताओं के पुनर्जागरण के लिये आगे आयाण् इतिहास के इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता कि विषम परिस्थितियों में ब्राह्मणों और पुरोहितए पुजारियों ने भूखे रहकरए अपने प्राणों की बाजी लगाकर भारतीय अस्मिता की रक्षा का प्रयत्न कियाण् इसीलिए सल्तनकाल और अंग्रेजी काल में योजना पूर्वक ब्राह्मणों के विरुद्ध अभियान चलेण् ब्राह्मणों पर कैसे अत्याचार किये गएए सामूहिक नरसंहार हुएए इन घटनाओं से इतिहास भरा पड़ा हैण् स्वतंत्रता से पूर्व मिशनरीजए मुस्लिम लीग और अंग्रेजी सत्ता ने संघ को अपना शत्रु न बर एक मानाण् स्वाधीनता आंदोलन में जंगल सत्याग्रह के बाद विभिन्न बहानों से संघ और संघ के पदाधिकारियों के विरुद्ध जो हमले आरंभ हुए, वे थमने का नाम नहीं ले रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के उन विरले संगठनों में से एक है जो भारतीय मानबिन्दुओंए सांस्कृतिक गौरव के प्रतीकों के लिये पूर्ण समर्पित हैण् एक.एक स्वयंसेवक की जीवन यात्रा इसी दिशा में है।

यह काम कभी पुजारी, पुरोहित और ब्राह्मण समाज करता था। इसलिए विदेशी सत्ताओं के निशाने पर यह वर्ग रहा और जब संगठनात्मक रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस काम को आगे बढ़ाया तो उनके निशाने पर संघ का आना भी स्वाभाविक था। वे अब तक संघ पर ब्राह्मणवाद का आरोप लगाकर समाज के अन्य वर्गों को संघ से तोड़ने का प्रयास करते थेण् वे समाज के अन्य वर्गों को संघ के विरुद्ध भड़काते रहेण् पर भारतीय जन सत्य समझते हैंण् हिन्दू समाज को विभाजित करने के कुचक्र से भी परिचित हैण् इसलिए संघ के विरुद्ध सतत दुष्प्रचार और हजार अवरोधों के बावजूद संघ शक्ति में निरंतर वृद्धि होती रह

संघ विरोधी चेहरे बदले हैं, शब्द बदले हैं। समय के साथ विषय बदलेए शैली बदलीए तरीका भी बदला हैण् पर संघ पर हमला करने का कुचक्र नहीं बदलाण् अब इस बार नया मुद्दा मिला संघ के खिलाफ ब्राह्मणों को लामबंद करने काण् इसी मानसिकता के चलते अब संघ को निशाने पर लिया गयाण् संघ प्रमुख के वक्तव्य को ब्राह्मण विरोधी बताकर दुष्प्रचार किया गयाण् जबकि उनके वक्तव्य में ब्राह्मण शब्द था ही नहींण् वे भले कितनी शक्ति लगाएं, पर समाज संघ के सत्य से परिचित है। भारतीय समाज राष्ट्र और संस्कृति के प्रति समर्पण से अवगत है।

> सत्य यह है कि मैं सब प्राणियों में हूँ, इसलिए रूप नाम कुछ भी हो लेकिन योग्यता एक है, मान सम्मान एक है, सबके बारे में अपनापन हैं। कोई भी ऊँचा नीचा नहीं है. शास्त्रों का आधार लेकर पंडित (विद्वान) लोग जो (जाति आधारित ऊँच-नीच की बात) कहते हैं, वह झूठ है. - डॉ. मोहन भागवत जी
>
> Translate Tweet

गुना में फसल बेचने आए किसान पिता-पुत्र को व्यापारियों ने प

गुना। किसानों का आरोप है कि नीलामी के दौरान व्यापारी ने धनिया की चार हजार रुपए प्रति क्विंटल बोली लगाई, लेकिन पर्ची 3975 रुपए की दी। जब किसानों ने बोला, तो व्यापारियों ने कहा कि सैंपल लेकर आओ। किसान सैंपल लेकर पहुंचे, तो व्यापारियों से विवाद हो गया। किसानों का आरोप है कि व्यापारियों ने इकट्ठा होकर लाठी-फरसों समेत धारदार हथियारों से किसान पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। मारपीट में किसान का सिर फट गया। वहीं उनके बेटे को भी सिर और चेहरे में चोट आई। इसके बाद गुस्साए किसानों ने नानाखेड़ी मंडी पर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए। किसानों की मांग है कि आरोपी व्यापारियों पर FIR दर्ज कर उन्हें गिर तार किया जाए।

मध्य प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल 16 जून से खुलेंगे, तैयारियां आरंभ

भोपाल । मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूल 16 जून से खुलेंगे। इसके लिए शिक्षकों को पांच जून से स्कूल में बुलाकर तैयारियां कराई जा रही हैं, जबकि शिक्षकों का ग्रीष्मावकाश नौ जून तक था। छुट्टी खत्म होने से पहले शिक्षकों को बुला लिया गया है।

शिक्षकों को स्कूल से बाहर शाला त्यागी बच्चों को ढूंढ़ने के लिए गृह संपर्क अभियान चलाने के लिए कहा गया है। इसमें शिक्षकों को स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पूरी जानकारी विभाग को उपलब्ध करानी है। इसके अलावा स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

कई जिलों में गृह संपर्क अभियान की धीमी गति से चल रहा है। इसे भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्कूलों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्टेट अचीवमेंट सर्वे प्रारंभ होने वाला है। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

गणवेश से लेकर किताबों का वितरण किया जाना है

स्कूलों के विद्यार्थियों को गणवेश से लेकर पाठ्यपुस्तकें का वितरण किया जाना है। इसे लेकर भी विद्यार्थियों की सं या का सत्यापन करना है। साथ ही लैपटाप की राशि का वितरण किया जाना है। इस कारण विद्यार्थियों की सं या और उनका खाता भी अपडेट करना है।

मध्य प्रदेश में खराब सड़कों के लिए अब ठेकेदार के साथ इंजीनियर भी होंगे जि मेदार

भोपाल । मध्य प्रदेश में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता खराब होने पर ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित इंजीनियर भी जि मेदार होंगे। मर मत के काम को मु य अभियंता से लेकर उपयंत्री तक को देखना होगा।

इसके लिए साप्ताहिक निरीक्षण का कार्यक्रम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजना होगा ताकि उसकी निगरानी की जा सके। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने यह व्यवस्था विशेष अभियान के अंतर्गत लागू की है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे अधीनस्थों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर नजर रखें।

पिछले साल अतिवृष्टि के कारण बड़ी सं या में सड़क, पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए थे। इनकी मर मत में काफी समय लगा था,

इसे लेकर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी भी जताई थी। इस बार ऐसी स्थिति न बने, इसलिए पीडब्ल्यूडी ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है।

इसमें उन सड़क, पुल-पुलिया को चिह्नित किया जा रहा है, जिनकी मर मत की जानी है। सभी मु य अभियंताओं को इसकी जि मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रमुख सचिव भी इंजीनियरों की टीम के साथ निरीक्षण कर रहे हैं। साढ़े तीन हजार किमी सड़क की मर मत का काम चल रहा है।

यह गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए इंजीनियरों की जि मेदारी तय की गई है। साथ ही सभी जिला मु यालयों पर वर्षाकाल के लिए निर्माण सामग्री रखवाई जा रही है ताकि जहां भी सड़क, पुल या पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिले, वहां तत्काल मर मत का काम कराया जा सके।

इससे जहां आवागमन प्रभावित नहीं होगा, वहीं क्षति को भी सीमित किया जा सकेगा। विभाग के प्रमुख अभियंता नरेन्द्र कुमार ने सभी मु य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि जिन सड़कों में दरार आ गई है, वहां सीलिंग का काम कराकर दरार से पानी के प्रवेश को रोकने का प्रबंध किया जाए। जिन सड़कों में जलभराव की स्थिति बनती है, वहां कट लगाकर निकासी की व्यवस्था अवश्य कर ली जाए।

स्कूल और अस्पताल भवनों की प्राथमिकता पर कराएं मर मत

विभाग ने परियोजना क्रियान्वयन इकाई के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्कूल और अस्पताल भवनों की मर मत के काम प्राथमिकता के आधार पर करवाए जाएं। छत पर पानी जमा न हो, इसके लिए पर्याप्त निकासी की व्यवस्था रहे। किसी भवन में यदि दरार आ गई है तो उसे सर्वोच्च प्राथमिकता से ठीक कराया जाए। जो भवन बाढ़ या अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, उन्हें खाली कराया जाए।

15 जून से प्रदेशभर में कांग्रेस निकालेगी %कमलनाथ संदेश यात्रा

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से 15 जून से प्रदेशभर में 'कमलनाथ संदेश यात्रा' निकाली जाएगी। विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष दोमादर यादव ने बताया कि यात्रा को प्रदेश कांग्रेस मु यालय में आयोजित समारोह में पूर्व सीएम कमलनाथ हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर पूर्व मु यमंत्री दिग्विजयसिंह और मप्र प्रभारी जे.पी. अग्रवाल समेत अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

इसका उद्देश्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों की कर्ज माफी, नारी स मान योजना, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन बहाली, 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट पर बिजली बिल हाफ के तहत दिए जाने वाले लाभों का प्रचार किया जाएगा।

यादव ने बताया कि यात्रा का पहला चरण 12 दिवसीय होगा। इसमें यात्रा भोपाल से प्रारंभ होकर रायसेन, विदिशा, अशोक नगर, गुना, शिवपुरी, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी होकर दतिया पहुंचेगी। दतियां में विशाल जनसभा के साथ प्रथम चरण का समापन होगा। इस दौरान करीब 10 जिलों की 25 विधानसभाओं में 50 से अधिक जगह आमसभाएं होंगी।

राष्ट्रपति ने दी अनुमति, हुक्का बार के संचालन पर प्रतिबंध के लिए अधिनियम में होगा संशोधन

कैबिनेट से अनुमोदन के बाद राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजा गया था प्रारूप। विधानसभा के मानसून सत्र में किया जाएगा प्रस्तुत।

भोपाल । मध्य प्रदेश में हुक्का बार का संचालन प्रतिबंधित करने के लिए सरकार 10 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में संशोधन विधेयक प्रस्तुत करेगी।

कैबिनेट से अनुमोदन के बाद गृह विभाग ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 में संशोधन विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजा था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रस्तावित संशोधन विधेयक को अनुमति दे दी है। इसके लागू होने पर कोई भी हुक्का बार का संचालन नहीं कर सकेगा। प्रविधान का उल्लंघन करने पर तीन वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। कि सी भी स्थिति में कारावास की सजा एक साल से कम और अर्थदंड पचास हजार रुपये से कम नहीं होगा।

अवैध रूप से चलाए जा रहे हुक्का बार को प्रतिबंधित करने की घोषणा मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी।दरअसल, हुक्का बार नशा और आपराधिक गतिविधियों के केंद्र बन रहे थे।

इन्हें बंद करने का कोई स्पष्ट प्रविधान नहीं था। इसके कारण जब भी पुलिस जब कार्रवाई करती थी तो संचालक न्यायालय चले जाते हैं और उन्हें स्थगन भी मिल जाता है। इसे देखते हुए गृह विभाग ने गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के प्रविधानों का अध्ययन करके अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित किया था।

इसमें प्रविधान किया गया है कि कोई भी हुक्का बार का संचालन नहीं करेगा। यदि इसका उल्लंघन किया जाता है तो तीन वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। कारावास की सजा एक साल से कम और अर्थदंड पचास हजार रुपये से कम नहीं होगा। हुक्का बार की सामग्री या वस्तु जब्त करने का अधिकार पुलिस उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी को होगा। गृह विभाग द्वारा प्रस्तावित संशोधन विधेयक को कैबिनेट ने दिसंबर 2022 में अनुमोदन के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अनुमति के लिए भेजा था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अब अनुमति मिलने पर इसे विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

सीएम के आदेश के बाद हुई बड़ी कार्रवाई, गंगा जमुना स्कूल पर मामला दर्ज

दमोह। दमोह से एक बड़ी खबर सामने आई है. बता दें कि विवादास्पद गंगा जमुना स्कूल पर मु यमंत्री के निर्देश के बाद आखिरकार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. हिजाब वाले पोस्टर से सुर्खियों में आए इस स्कूल में कई खुलासे हुए. धर्मान्तरण और इस्लामिक शिक्षा दिए जाने जैसे आरोपों के दौर से गुजर रहे स्कूल को लेकर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तल्खियत दिखाई थी.

जांच के बाद दर्ज हुआ मामला

आज सुबह प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बयान दिया था कि, दमोह एसपी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है. एसपी राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि जांच के दौरान कुछ बच्चियों के बयान पुलिस के सामने आए हैं, जिसके आधार पर गंगा जमना स्कूल की प्रबंध समिति पर आपराधिक मामला दर्ज हुआ है. एसपी के मुताबिक समिति पर धारा 295, 506 और ज्युविनाइल जस्टीज के तहत मुकदमा दर्ज किया है. हालांकि एसपी ने ये नहीं बताया कि इस मुकदमे के दायरे में कितने लोग आएंगे.

फिलहाल एसपी की माने तो अभी जांच चल रही है और उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी. स्कूल प्रबंधन पर और भी कई गंभीर आरोप लगे हैं, जिस पर बोलने से एसपी ने साफ इंकार कर दिया.

भाजपा नेताओं ने लगाया ये आरोप

शिक्षा अधिकारी पर आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने कहा है कि गंगा जमुना स्कूल प्रबंधन से मिलकर अधिकारी उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं. स्कूल में चल रही संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट मैनेज कर पहले ही दिन अधिकारी ने गलत रिपोर्ट पेश की जो सनातन धर्म का अपमान है. वहीं खुद पर स्याही फेंके जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी एस के मिश्रा का कहना है कि जिन लोगों ने उन पर स्याही फेंकी है. उन भाजपा नेताओं ने बीते दिनों स्कूलों में ठेका लेकर काम किया था. जिसके बिल पेंडिंग है और उनकी नाराजगी इसी बात को लेकर थी और गंगा जमना स्कूल के मामले को मुद्दा बनाकर ये हरकत की है.

उमरिया में बाघों का मूवमेंट जारी, लोगों में दहशत, वन विभाग ने सुरक्षा को लेकर बढ़ाई गश्त

भोपाल । बाघ अब जंगल से गांव की तरफ भी रुख कर रहे हैं, जिसका मूवमेंट लगातार जारी है। बाघ की मूवमेंट की जानकारी के बाद वन विभाग ने सुरक्षा को लेकर गश्त बढ़ा दी है।

उमरिया जिले में लगातार बाघों की सं या बढ़ रही है। ऐसे में बाघ अब जंगल से गांव की तरफ भी रुख कर रहे हैं, जिसका मूवमेंट लगातार जारी है। वहीं ऐसे में वनमंडल उमरिया के वन परिक्षेत्र पाली और घुनघुटी के वन क्षेत्र में रेलवे की तीसरी लाइन का निर्माण कार्य भी चल रहा है। निर्माणाधीन साइट में बाघ की मूवमेंट की जानकारी के बाद वन विभाग ने सुरक्षा को लेकर गश्त बढ़ा दी है।

बता दें कि घुनघुटी और पाली के जंगलों में वन्य प्राणी, बाघ और भालू की मूवमेंट हमेशा से रही है। वन विभाग रेलवे लाइन और निर्माणाधीन क्षेत्रों के साथ जंगल में गश्त में जुटा हुआ है। वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निर्माणाधीन क्षेत्र में बाघ की मूवमेंट के बाद से ही पैदल गश्त कर रहे हैं। वन विभाग के अंतर्गत सूत्रों ने यह बताया कि वे एनएच 43 में पाली और घुनघुटी के वन क्षेत्रों में बाघ और वन्य प्राणियों के मूवमेंट वाले क्षेत्रों में अंडरपास निर्माण के लिए एमपीआरडीसी को पत्र भी लिखा है।

फाईल फोटो

रिटायर्ड आईएफएस आरएस सिकरवार ने जानकारी देकर बताया है कि पूर्व में एमपीआरडीसी के अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रों का दौरा कर स्थानों को चिह्नित कर निर्माण के लिए पत्र लिखा है। वहीं परिक्षेत्र अधिकारी घुनघुटी अर्जुन सिंह ने बताया कि बाघ और वन्य प्राणियों की मूवमेंट वाले क्षेत्रों में और रेलवे लाइन के किनारे और सड़क पर गश्त लगातार की जा रही है।

गुना में दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत, चार लोगों की मौत

गुना। गुना में बुधवार शाम करीब 6 बजे दो बाइक सवार आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। घटना चांचौड़ा क्षेत्र के कोन्याकलां गांव की है। दोनों बाइक पर तीन-तीन लोग बैठे थे। चारों मृतक अलग-अलग गांव के रहने वाले थे। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। चांचौड़ा थाना प्रभारी TI बलवीर गौर ने घटना की पुष्टि की है।

सुकरी घुघसा से मुर्गी टोला ढुटाई से अमरवाड़ा रोड से आवागमन बंद ?

छपारा यशोः- जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुकरी घुघसा के मुर्गी टोला - ढुटाई से अमरवाड़ा पहुंच मार्ग पिछले 3 वर्षो से आवागमन बंद है लगभग 3 वर्ष पहले सुकरी से मुर्गी टोला रोड में पुलिया का निर्माण कार्य किया गया था जिसकी पुलिया के दोनों ओर से डाली गई मुरूम बरसात में बह गई अगली पंचवर्षीय में बनाई गई जुबान नाला में बनी पुलिया उसी वर्ष बरसात में दोनों ओर से बह जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में लंबी दूरी से अमरवाड़ा का मार्ग तय करना पड़ता है पिछले 3 वर्षो से उक्त पुलिया को बनाने के लिए ग्राम के पूर्व सरपंच रामसिंह उईके ग्राम वासियों के साथ प्रयासरत है लेकिन आज दिनांक तक पुलिया की मर मत नहीं की गई भूतपूर्व सरपंच और ग्राम वासियों ने इस संबंध में सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी से भी अवगत करा चुके हैं बावजूद इसके जुबान नाले की पुलिया जस की तस पड़ी हुई है कम समय में अधिक धन कमाने की लालच में घटिया किस्म की पुलिया बना दी जाती है जो बरसात के बाद भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बयान करती है लेकिन कमीशन बाजी के चक्कर में घटिया किस्म की बनाई गई पुलिया बरसात में क्षतिग्रस्त हो जाती है जिन पर प्रशासन के अधिकारी ध्यान नहीं देते उक्त पुलिया को समय रहते सुधार कार्य करवाने की ग्रामीणों ने मांग किया है जिससे उनके आवागमन में परेशानी ना हो जन अपेक्षा है कि पुलिया को सुधार कर ग्रामीणों के आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करें ।

आवागमन का दबाब, सरंचना की सुदृढ़ता एवं सफाई की दृष्टि से बस स्टैंड के पास कराया जा रहा कल्वर्ट पुल का निर्माण

दो चरणों मे लगभग ढाई माह में होगा कल्वर्ट पुल का निर्माण

सिवनी यशोः- नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैण्ड परिसर में दल सागर के पास क्रमशः 2 निर्माण कार्य बस स्टैण्ड के पास एन. एच. मार्ग पर हयूम पाईप पुलिया निर्माण कार्य लागत राशि 24.95 लाख रुपये एवं बस स्टैण्ड के के.के. लॉज के आगे नाला निर्माण कार्य कार्य लागत राशि 24.93 की स्वीकृति दी गई थी।

कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा बताया गया कि एन.एच. मु य मार्ग में एक तरफ की खुदाई के दौरान पता चला की इस स्थल पर पूर्व से ही 900 एम.एम. डाया की हयूम पाईप पुलियां निर्मित थी, जिसकी व्यवस्थित सफाई न होने के कारण उक्त पुलिया से जल प्रवाह अवरूद्ध हो गया था। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये विधायक श्री दिनेश राय एवं कले टर श्री सिंघल द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण कर निर्मित किये जा रहे पुल में उक्तानुसार समस्या न आये और यह मजबूत, स्थाई, गुणवत्तायुक्त हो तथा इसकी समय-समय पर सुविधाजनक रूप से सफाई की जा सकें, सुझाव हेतु तकनीकी समिति गठित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि समिति में कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (म/स) संभाग सिवनी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, संभाग सिवनी,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. संभाग सिवनी, मु य नगर पालिका

अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी तथा अनुविभागीय अधिकारी, ब्रिज, लोक निर्माण विभाग, उससंभाग सिवनी को शामिल हैं।

गठित तकनीकी समिति द्वारा कार्य स्थल के निरीक्षण, सडक पर आवागमन का दबाब, सरंचना की सुदृढ़ता, गुणवत्ता एवं सफाई की दृष्टि से उक्त स्थल पर स्लेब कल्वर्ट पुल का निर्माण कार्य कराया जाने का सुझाव दिया गया। समिति के सुझाव एवं तदानुसार विधायक महोदय की अनुशंसा के आधार पर प्रस्तावित स्थल पर स्लैब कल्वर्ट निर्माण कार्य का प्राक्कलन तैयार कराया जाकर संशोधित स्वीकृति जारी की गई है।

कले टर श्री सिंघल ने बताया कि पुल निर्माण कार्य मु य मार्ग में होने के कारण दो चरणों में स पादित किया जायेगा, प्रथम चरण में सड़क के एक ओर का कार्य कराया जावेगा ताकि दूसरी ओर से आवागमन बना रहे। प्रथम चरण के कार्य उपरांत इस सड़क से आवागमन प्रारंभ होने पर द्वितीय चरण में सड़क के दुसरी ओर का कार्य संपादन किया जावेगा। वर्तमान में प्रथम चरण के कार्य के अंतर्गत सडक के एक ओर की खुदाई की जा चुकी है। जिसमे क्रंकीट कार्य प्रारंभ होना वाला है। चूंकि कराये जाने वाला कार्य क्रंकीट कार्य से संबधित है जिसमे कार्य उपरांत लगभग 28 दिनों के बाद 100 प्रतिशत मजबूती प्राप्त होती है। अतः सड़क में एक ओर के कार्य कराये जाने के लगभग 28 दिनों के बाद आवागमन प्रारंभ किया जा सकता है। इस प्रकार दोनों चरण में पुल निर्माण कराये जाने में लगभग दो से ढाई माह का समय लग सकता है। इस अवधि में शहर के आम नागरिकों से सहयोग एवं धैर्य रखने की अपील की गई हैं।

पानी की समस्या को लेकर ग्राम वासियों ने किया चक्का जाम

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत डागामानी के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर आज सुबह 9ः00 से 12ः00 तक सड़क पर चक्का जाम कर दिया छपारा तहसीलदार मौके पर पहुंची और उन्होंने ग्रामीणों को समझाया और तत्काल ग्राम पंचायत डागामानी में बोरिंग मशीन मंगा कर बोर खनन का कार्य प्रारंभ किया गया तब जाकर ग्रामीण लोग चका जाम के स्थल को छोड़कर अपने अपने घर पहुंच गए । ग्रामीणों ने बताया है कि हर साल गर्मियों के दिनों में ग्राम पंचायत डागामानी में स्वच्छ पेयजल के लिए काफी परेशानियां होती है । ग्रामीणों ने चक्का जाम स्थल पर पहुंचे तहसीलदार और पंचायत इंस्पे टर को बताया कि 6 महीने से सचिव ग्राम पंचायत में नहीं आ रहे हैं ग्रामीणों ने सचिव को हटाने के लिए भी मांग की जिसमें पंचायत इंस्पे टर में सचिव को ग्राम पंचायत डागामानी से हटाने का आश्वासन दिया मध्य प्रदेश सरकार ने पानी की समस्या हल करने के लिए गांव-गांव में जल जीवन मिशन से पानी पहुंचाने का काम ठेकेदार को दिया है सैकड़ों गांव ऐसे अभी भी है जहां जल जीवन मिशन पहुंचा ही नहीं है और पहुंच भी गया है तो पानी की सप्लाई ही नहीं चालू की गई 6 जून को पानी की समस्या को लेकर जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदन सिंह बरकडे पी एच ई विभाग के अधिकारियों से मिलकर पानी की समस्या से निजाद दिलाने के लिए चर्चा की जहां अधिकारियों ने और अश्वशन दिया है कि समय रहते गांव में पानी का संचालन सुचारू रूप से संचालित करें करने का प्रयास मैं लगे हुए है

भाजपा की करनी ही कांग्रेस को सत्ता में लायेगी - राजिक

सिवनी यशोः- कमलनाथ जी की नारी स मान योजना की लोकप्रियता से भाजपा में घबराहट है भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है, कि नारी स मान योजना के लिये कांग्रेस पार्टी आवश्यक दस्तावेज नही मांग सकती, मध्यप्रदेश में भाजपा की करनी ही कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लायेंगी। कमलनाथ जी ने जो कहां वो किया यह बात प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है कमलनाथ जी कभी भी मोदी, शिवराज की तरह झूठी घोषणाएं नही करते, यह वही भाजपा है जिसने लोगो के खाते में 15 लाख रूपये देने, प्रति वर्ष युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देने, कर किसान का कर्जा माफ करने, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने, हर गरीब को पक्का मकान देने, विदेशों से कालाधन वापिस लाने, भ्रष्टाचार खतम करने, लोकपाल बनाने जैसी अनेको घोषणाएं की थी, यह सब भाजपा की घोषणाएं जुमला बनकर रह गयी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि नारी स मान योजना से प्रत्येक महिलाओं को उत्साह है वह जानती है कि प्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में यदि सरकार बनी तो 1500 सौ. रूपय प्रत्येक महिलाओं को, 500 सौ. रूपय रसोई गैस प्रत्येक परिवार को, 100 यूनिट बिजली मॉफ, 200 यूनिट बिजली हाफ, किसानों का कर्जा माफ निश्चित रूप से होगा। वही शिवराजसिंह द्वारा लाड़ली बहना योजना के प्रचार प्रसार में अरबो रूपये खर्च कर दिया, पूरा सरकारी अमला को झोंक दिया उसके बाद भी महिलओं को शिवराज सिंह से ज्यादा कमलनाथ जी की नारी स मान योजना पर ज्यादा विश्वास है। नारी स मान योजना की प्रदेश में बढ़ती लोकप्रियता से अंदाजा लगा सकते है कि समान्य प्रशासन के अपर सचिव द्वारा शासकीय पत्र में लाड़ली बहना योजना की जगह नारी स मान योजना लिखा है।

राजिक अकील ने आगे बताया कि शिवराजसिंह द्वारा प्रदेश की जनता को लाड़ली बहना योजना के नाम से गुमराह किया जा रहा है प्रदेश के लोगो को बेतहाशा महंगाई की आग में झोंक कर हर तरफ से वसूली कर रहे है। लाड़ली बहना योजना लागू कर प्रदेश में अन्य विकास कार्य रोक दिये गये है, स्कूलो की मर मत और निर्माण कार्य के लिये स्वीकृत राशि आवंटित नही हुई, संबंल बीमा हितग्राहियों को बीमे की राशि नही मिली, राशन दुकानों से कैरोसिन और गेहूँ गायब कर दिया, मध्यांन भोजन के लिये अनाज नही मिल पा रहा है, रसोईयों को मानदेय नही मिल रहा है, ग्रामीण विकास योजनाओं के अधिकांश प्रोजे ट बंद कर दिये गये है, ग्रामीण क्षेत्रों में पुल, पुलिये, रपटे, खेत सड़क जो कि बारिश के पहले बनना आवश्यक होता है इन्हें स्वीकृति नही मिल रही है, सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत ओर जिला पंचायत की राशियों में कटौती कर दी गयी है त्रि-स्तरीय पंचायत राज की कमर तोड़ दी गयी है।

देश और प्रदेश में जिस तरह भाजपा की सरकारों ने महंगाई का बोझ डालकर गरीब, मजदूर किसानों के बजट को गड़बड़ाया है शिवराजसिंह कोई भी योजना लागू कर दे इस विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने पूरी तरह इन्हें सबक सिखाने का मन बना लिया है हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की तरह मध्यप्रदेश में भी पूर्ण बहुमत के साथ कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनायेंगी।

मु यमंत्री लाडली बहना योजना की विशेष ग्राम सभा आज

सिवनी यशोः- राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आगामी 8 जून को मु यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के लिये विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। आयोजित ग्राम सभा में मु यमंत्री लाडली बहना योजना के प्रमुख उद्देश्यों से महिलाओं एवं उपस्थित जनों को अवगत कराते हुए योजना से जुड़ी सभी पात्र महिलाओं की सूची का वाचन किया जाएगा एवं मु यमंत्री जी के संदेश का वाचन करने के साथ ही ग्राम सभा के स मिलन का नियमानुसार आयोजन किया जाएगा। कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने 8 जून को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा के आयोजन को लेकर सभी संबंधित विभागाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिये हैं।

पीने के पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

किदवई वार्ड वासी एवं आम आदमी पार्टी ने संयुक्त रूप से दिया ज्ञापन, मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

सिवनी यशोः- नगर पालिका द्वारा नगर वासियों के टै स के पैसों में से जलावर्धन योजना के नाम पर 62 करोड़ रुपए से अधिक खर्चकर 2 वर्ष पूर्व ही पूरा किया जा चुका है इसके बाद भी सिवनी कि जनता पानी के लिए त्रस्त रही है। मई-जून की इस कड़कड़ाती गर्मी में भी जनता को पानी नहीं मिल रहा है। एवं पुरानी पाइप लाइन से 1 दिन के अंतर पर बमुश्किल 10 से 15 मिनट पानी

दिया जाता है वह भी पीने योग्य नहीं होता है ।

इसी संबंध में आज नगर पालिका सिवनी अंतर्गत किदवई वार्ड के पूर्व पार्षद प्रत्याशी रामगोपाल चौधरी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा आम आदमी पाटी के सहयोग से मु य नगरपालिका अधिकारी को नारेबाजी की गई व ज्ञापन सौंपा गया । साथ ही चेतावनी भी दी गई की शीघ्र कार्यवाही ना होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूर्ण जि मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

आज के इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश संयुक्त सचिव श्री याह्या आरिफ कुरैशी, प्रदेश प्रवक्ता गौरव जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, जिला सह सचिव यूथ विंग करन चौरासिया, जिला किसान उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह बघेल, सर्कल अध्यक्ष दीपक कुशवाहा, अधिवक्ता नवेंदु मिश्रा, शिवम चंद्रवंशी, ऋषिकिशोर कुमारे आदि उपस्थित रहे।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में आए 131 आवेदन

सिवनी यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई में कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं अपर कले टर श्री सी.एल.चनाए द्वारा जनसुनवाई में दूरदराज से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में सभी विभागाधिकारियों की भी उपस्थिति रही। जनसुनवाई में आज सिवनी निवासी विश्वनाथ डहरवाल द्वारा गरीबी रेखा सूची में नाम दर्ज करवाने विषयक, ग्राम जुझारपुर निवासी रंजीत सिंह द्वारा फसल क्षति होने की शिकायत विषयक, महावीर सिवनी निवासी नंदराम उसराठे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम छपारा निवासी दादूराम यादव द्वारा भूमि मकान का पट्टा प्रदान करने विषयक, ग्राम पांडीवाड़ा निवासी शोभेलाल मेश्राम द्वारा वृध्दा पेंशन दिलाए जाने विषयक सहित कुल 131 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए।

कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए गए।

जनसुनवाई में कले टर श्री सिंघल ने दिव्यांग श्री चौधरी की समस्या को त्वरित निराकरण किया

कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने जनसुनवाई में आए दिव्यांग आवेदक श्रीराम चौधरी की समस्या को सुनते हुए उपसंचालक सामाजिक न्याय निःशक्तजन कल्याण विभाग को त्वरित ट्राईसायकल प्रदाय करने के निर्देशों के परिपालन में विभाग द्वारा दिव्यांग श्री चौधरी को जनसुनवाई में ही ट्राईसायकल प्रदाय की गई। त्वरित समस्या का समाधान होने पर दिव्यांग श्री चौधरी अत्यंत प्रसन्नचित होते हुए शासन को धन्यवाद दिया।

खड़े ट्रक से टकराई कार,हादसे में फ्रंट सीट में बैठी युवती की दर्दनाक मौत

लेह लद्दाख से लौटकर तेलंगाना जा रहा था कार में सवार परिवार,बीच सड़क में खराब खड़ा था ट्रक

सिवनी यशोः-सिवनी जिले के छपारा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के रणधीर नगर गांव के पास रात्रि देर रात्रि एक तेज र तार कार सड़क में खड़े ट्रक में जाकर पीछे से घुस गई। इस हादसे में कार में सवार फ्रंट सीट में बैठी एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जाँच में जुट गई। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों को मामूली चोट आई हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार लेह लद्दाख और ज म्मू कश्मीर से टूर कर लौट रहे थे। और हैदराबाद के तेलंगाना जा रहे थे। छपारा पलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार विजय गोपाल कार चला रहे थे। उनकी बगल की फ्रेंडशिप में उनकी बेटी गुंटा लिपि स्तुति बैठी हुई थी। जिसे सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद शव को छपारा अस्पताल लाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव को सौंप दिया गया है। मृतिका के पिता विजय गोपाल ने बताया कि उनकी बेटी ने हाल ही में नीट परीक्षा का एग्जाम पास किया था। इसी खुशी मे उनकी पत्नी उनका एक बेटा और उनके दोस्त का एक बेटा साथ में लेह लद्दाख और ज म्मू कश्मीर टूर कर लौट रहे थे। तभी छपारा के रणधीर नगर गांव के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। जिसमें उनकी एक होनहार बेटी की जान चली गई। नीट परीक्षा पास करने के बाद गुरुवार को कॉलेज ज्वाइन करना था। इसलिए वह रुके नहीं और तेलंगाना के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जिस वक्त हादसा हुआ कार में 5 लोग सवार थे। कार केएयरबैग खुल गए जिसमें मौजूद लोगों को मामूली चोट आई हैं। जबकि वही सामने सीट में बैठी विजय गोपाल की बेटी को गंभीर हेड इंजरी के चलते उसकी जान चली गई।

वहीं घायलों में 1-गुनटानंदा विजयगोपाल उम्र 42 साल निवासी तेलंगाना 2-मुडापा विजित पिता प्रवीण रेड्डी एम उम्र 22 वर्ष निवासी तेलंगाना सवार शामिल हैं।

गंगा मईया को गंदा मत करों, जिला पंचायत सदस्य सनोडिया की अपील

सिवनी यशोः- सिवनी शहर के बस स्टैंड से एवं मंगलीपेठ से परतापुर होकर जाने वाले गंदे नाले कों बैन गंगा में मिलने से पूर्व जल शुद्धि संयन्त्र बनाए जाने की मांग जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं माँ बैन गंगा सेवा अभियान के अहम सदस्य घनश्याम सनोडिया जिला पंचायत सदस्य द्वारा की गई है।

श्री सनोडिया ने कले टर को दिए पत्र में आगे लेख किया है कि उपरोक्त दोनों नालों जिनमें सिवनी नगर का अधिकतम अपशिष्ट प्रवाहित होकर जिला की जीवन दायिनी पवित्र पावनी माँ बैन गंगा में शहर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज से लगे ग्राम परतापुर में जाकर मिलते हैं। जैसा कि कुछ दिनों पूर्व श्री दिनेश राय जी ;विधायक सिवनी ने कहा था कि बस स्टैंड से होकर जाने वाले नाले में शहर का मल.मूत्र युक्त पानी बहता है जो दल सागर तालाब को गंदा

करता था अब इसका गंदा पानी दल सागर में नहीं जाएगा अब उक्त गंदे नालों के माध्यम से सिवनी शहर की सीवरेज का मल.मूत्र युक्त पानी मेरे जिला पंचायत क्षेत्र से बहने वाली माँ बैन गंगा के पवित्र जल को गंदा करने लगा है। माँ बैन गंगा के परतापुर घाट में सिवनी शहर के एवं आसपास गाँव के लोग धार्मिक अनुष्ठान, स्नान एवं अस्थी विसर्जन हेतू जाते हैं समय. समय पर गंगा के घाटों में मेला लगता है जिसमें लोग गंगा के पवित्र जल में स्नान करते हैं वा द्वि पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की जन्मस्थली गुरुधाम दिघोरी में बैनगंगा के जल से लोग विश्व के सबसे बड़े स्फटिक मंगी से बने शिव लिंग का अभिषेक करते हैं।

श्री सनोडिया ने बताया कि शहर का गंदा पानी नालों के माध्यम से सीधे बैन गंगा में मिलने से आज जल पीने या स्नान की बात तो दूर छूने के लायक भी नहीं रहा। यह समस्या सिर्फ परतापुर घाट की नहीं है अपितु गंगा जी जैसे. जैसे आगे बढती जाती हैं आसपास के ग्रामीण लोग गंगा जी पर सभी धार्मिक कर्मकांड के लिए निर्भर करते हैं इतना ही नहीं बैन गंगा नदी से उक्त गंदा पानी परतापुर से पुसेरा, मुंगवानी, दिघोरी, बंडोल, बखारी होते हुए छपारा भीमगढ बांध को पहुंचेगा जिसे पेयजल रुप में वापिस सिवनी वासियों को यह मल.मूत्र युक्त जल पिलाया जाएगा। जिससे बैन गंगा पर आश्रित सभी ग्रामों के लोग, पशु पक्षी एवं शहर वाशी पीकर बीमार होंगे।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं माँ बैन गंगा सेवा अभियान के सदस्य, घनश्याम सनोडिया ;जिला पंचायत सदस्य ने प्रदेश के मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान, जिला प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन को पत्र लिखकर माँ बैन गंगा के जल को साफ. स्वश बनाऐ रखने हेतु शहर का मल.मूत्र युक्त गंदा पानी गंगा में मिलने से पूर्व जल शुद्धिकरण संयन्त्र बनाए जाने की मांग की है।

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

गीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण -------

कि केवल पढ़ाई अकेले एवं खेल अकेले से काम नहीं चलेगा। खेल में रहने से शारीरिक रुप से स्वस्थ्य होने के के कारण आपका सभी क्षेत्रों में विकास होगा। जिससे खिलाड़ी अपने क्षेत्र के साथ-साथ देश का नाम भी रौशन कर सकता है। उद्घोधन के पश्चात खेल विभाग की ओर से जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा स्मृति के रुप में मोमेंटो भेंट किये जाने के पश्चात सभी शासकीय खेल प्रशिक्षक व शासकीय सहयोगियों को टी-शर्ट एवं सफेद कैप प्रदाय की गई तथा अशासकीय खेल प्रशिक्षकों को ट्रेकसूट तथा खिलाड़ियों के लिये प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। स्टेडियम परिसर में उपस्थित सभी खिलाड़ियों, पालकों, प्रशिक्षकों व अन्य उपस्थित जनसमूह को स्वलपाहार एम.के.नेमा, सचिव जिला फुटबाल संघ सिवनी के सहयोग ये कराया गया। कार्यक्रम के अंत में खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से नारायण सिंह बिसेन के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया, मंच संचालन देवेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान सभी संबंधित खेल संघों के पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी, पालक गण, मीडिया से जुड़े सहयोगी, खेल विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

नैनपुर में संयुक्त मोर्चा स मेलन आयोजित

मंडला विधान सभा के संयुक्त मोर्चा स मेलन में विधायक श्री सैयाम ने कहा- आने वाले चुनावों के लिए कार्यकर्ता तैयार हो जाएं।

मंडला यशोः- मंडला लोकसभा क्षेत्र के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत नैनपुर नगर में संयुक्त मोर्चा स मेलन आयोजित हुआ इस अवसर पर विधायक श्री देवसिंह सैयाम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता तैयार रहें। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गांव गरीब पिछड़े शोषित वंचित आदिवासी वनवासी युवा मातृशक्ति किसान सभी के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में न केवल गांव का विकास हुआ है बल्कि हमारा देश आज दुनिया में नाम कमा रहा है। यह सब कुछ देश के कुशल नेतृत्व कर्ता श्री नरेंद्र मोदी जी और देश की जनता के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा हमारे प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातार मध्य प्रदेश के विकास के लिए प्रत्येक गांव में हर छोटे-बड़े काम संकल्प के साथ पूरा कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाकर उसका सीधा लाभ जनता को पहुंचाया है लाडली बहना योजना के माध्यम से मातृशक्ति को हर संभव मदद मिलेगी। मंडला लोकसभा के सांसद केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के प्रयास से अनेक परियोजनाओ को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा गांव-गांव सड़कें, सिंचाई के संसाधन गरीब कल्याण के कार्य के साथ-साथ बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की गई।

संयुक्त मोर्चा स मेलन में मंचासीन वक्ताओं ने आम जनता के लिए भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म दिवेदी पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमती संपतिया उईके पूर्व विधायक श्री शिवराज शाह नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछ वाहा , रतन ठाकुर बालकिशन खंडेलवाल, अंजनी तिवारी भगवती श्रीधर, रतन ठाकुर, संदीप सिंह नरेश चंद्रोल जुगल किशोर बघेल उमेश शु ला आशीष झरिया राकेश रजक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

8 जून को सोशल मीडिया इन- लुएंसर मीट केंद्रीय राज्य मंत्री कुलस्ते होंगे शामिल

मंडला यशोः- मंडला लोकसभा क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत 8 जून को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोशल मीडिया इन- लुएंसर मीट प्रातः 11 से आयोजित की गई है। भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि सोशल मीडिया समाज में महत्वपूर्ण भूमिका आज के इस दौर में निभाने में सक्षम है, सरकार संगठन और आम जनमानस की बात को परस्पर संवाद के माध्यम से एक दूसरे के पास पहुंचाने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा समाज में योगदान है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने देश में कीर्तिमान प्रगति के कार्य किए हैं हर वर्ग के कल्याण के कार्य और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने का कार्य किया है। इन्हीं विषयों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सोशल मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ परस्पर संवाद करेंगे। इस अवसर पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की 9 वर्ष पर आधारित कार्यों का तथा लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा मीट में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म दिवेदी सहित विशेष जनसंपर्क अभियान के सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि का करें सदुपयोग - डॉ. सिडाना

पटपरसिंगारपुर एवं झालपानी में पात्र बहनों से मिली कले टर

मंडला यशोः- बुधवार को मंडला जनपद के भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना पटपरसिंगारपुर एवं झालपानी में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हुई बहनों से मिली। इस दौरान उन्होंने चर्चा करते हुए योजना के प्रति बहनों की प्रतिक्रिया जानी। कले टर ने पात्र बहनों से चर्चा करते हुए कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार की राशि का पारिवारिक, स्वास्थ्य एवं स्वावलब बन के लिए उपयोग करें। प्रतिमाह मिलने वाली इस सहायता का अपने जीवन को बेहतर बनाने में अधिक से अधिक उपयोग करें। डॉ. सिडाना ने दलकाखौरी की आंगनवाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए क्षेत्र में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा योजना की प्रगति जानी।

8 जून को लाड़ली बहना ग्रामसभाएं

कले टर ने बहनों से चर्चा करते हुए कहा कि 8 जून को मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिलेभर में ग्रामसभाएं आयोजित हो रही हैं। सभी बहनें अपने परिवारजनों के साथ ग्रामसभाओं में पहुंचकर योजना के बारे में और विस्तार से जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने संबंधितों से 1 से 7 जून तक लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत चलाई गई गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि 10 जून को मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजन होंगे। उन्होंने इस दौरान प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर मरीजों से चर्चा

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना बुधवार के अपने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र बकौरी एवं लिंगापौड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में ओपीडी संचालन व्यवस्था, दवाई वितरण, केन्द्र में की जाने वाली जांचें, जिला स्तर पर रिफर की जाने वाली जांचों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। डॉ. सिडाना ने गर्भवती महिलाओं से चर्चा करते हुए उन्हें एएनसी रजिस्ट्रेशन एवं पूरक पोषण आहार की जानकारी भी दी। इस दौरान उन्होंने मरीजों से केन्द्र की

व्यवस्थाओं एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा करते हुए फीडबैक लिया।

घर-घर जाकर देखा जल-जीवन मिशन का कार्य

पटपरसिंगारपुर एवं लावर गांव में अनेक घर जाकर जल-जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों को देखा। उन्होंने ग्रामीणों से जल-जीवन मिशन के अंतर्गत प्रतिदिन मिलने वाले पानी की जानकारी भी ली। डॉ. सिडाना ने संबंधित अमले को निर्देशित किया कि नियमित रूप से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था भी रखें। कले टर ने निर्देशित किया कि ग्राम में जल आपूर्ति के समय का निर्धारण ग्रामसभा के माध्यम से कराएं। भ्रमण के दौरान कले टर ने ग्राम झालपानी में वनभूमि अधिकार पट्टा वितरण के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें भूमि का निर्धारित प्रायोजन में ही उपयोग करने की समझाईश दी।

उत्कृष्ट माटी शिल्पियों से आवेदन आमंत्रित

मंडला। प्रदेश के 3 माटी शिल्पियों को प्रथम में 1 लाख रू., द्वितीय में 50 हजार रू. एवं तृतीय में 25 हजार रू. पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिले के उत्कृष्ट माटी शिल्पियों के आवेदन एवं कलाकृति का चयन जिला स्तरीय चयन कमेटी के पश्चात अधिकतम 3 उत्कृष्ट प्रविष्टियों को माटीकला बोर्ड मु यालय भोपाल द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। मण्डला जिले के उत्कृष्ट माटी शिल्पियों से अभिरूचि आमंत्रण हेतु आवेदन पत्र 11 अगस्त 2023 तक कलाकृतियां जमा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय पर मोबाईल 8959500194 में स पर्क किया जा सकता है।

घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिये रियायती सोलर रूफ टॉप कने शन की योजना

8 जून को शिविर का आयोजन

मंडला। जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण क पनी के क्षेत्रान्तर्गत समस्त घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिये रियायती सोलर रूफटॉप कने शन की योजना लागू की गई है। योजना के स बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान किये जाने हेतु मण्डला स भाग में मण्डला (शहर) वितरण केन्द्र कार्यालय एवं बिछिया स भाग में बिछिया (पॉवर हाऊस) कार्यालय में 8 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सोलर कने शन में मिलने वाली सब्सिडी, सोलर से होने वाले लाभ तथा नेशनल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ता को सब्सिडी सीधे खाते में प्राप्त करने के स बन्ध में एवं वेंडर आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

निर्वाचन संबंधी वीसी 9 को

मंडला यशोः- अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 आम निर्वाचन एवं फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में 9 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कले टर द्वारा चर्चा की जायेगी।

एकात्म अभियान में योग और ध्यान का शिविर का आयोजन

मंडला यशोः- नारायणगंज विकासखंड के बबलिया से टर क्रमांक 5 के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकदेही में एकात्म अभियान में योग और ध्यान का शिविर लगाया गया। जिसमें योग और ध्यान के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया कि हम अपनी दैनिक दिनचर्या को और मन शरीर को सुंदर व स्वस्थ बनाने में किस प्रकार उपयोगी है। मेंटर सुरेश कुमार सोनी के साथ कृष्ण कुमार झारिया यह जानकारी हार्ट फुलनेस मैडिटेशन के माध्यम से डॉ टर जेके सिंह के मार्गदर्शन में दिया।

परिवार की सहायता और भविष्य के लिए बचत करेगी संगीता

मंडला यशोः- उदयपुर टिकरिया निवासी संगीता मसराम को आज मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ। योजना के तहत पात्र होने पर संगीता बहुत उत्साहित है। उसे 10 जून 2023 को एक हजार रूपए की राशि प्राप्त होगी। संगीता का कहना है कि योजना के तहत उसे प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि प्राप्त होगी जिससे वह परिवार की सहायता करने के साथ-साथ भविष्य के लिए बचत भी करेगी। मु यमंत्री लाड़ली बहना के रूप में अद्वितीय योजना संचालित करने के लिए संगीता मसराम ने मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि से अपने सिलाई व्यवसाय को बढ़ाएगी सुनीता

इसी तरह सुनीता यादव के पति अनिल यादव को परिवार के बेहतर ढंग से संचालन की दृष्टि से पर्याप्त आमदनी नहीं होती है। पिछले 10 वर्षों से सिलाई का कार्य कर सुनीता परिवार को आर्थिक सहयोग कर रही है। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जानकारी मिलने पर सुनीता ने आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की। परीक्षण में वह पात्र पाई गई और आज उसे मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ जिससे सुनीता और उसका परिवार बहुत खुश है। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाई गई इस योजना के लिए सुनीता एवं उसके परिवार ने मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है। सुनीता कहती है कि प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अपने सिलाई व्यवसाय को बढ़ाने तथा घर खर्च के लिए करेगी।

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 12 को

मंडला यशोः- प्राचार्य शासकीय आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मण्डला में 12 जून 2023 को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में देश-प्रदेश की प्रतिष्ठित क पनियाँ स मिलित होंगी। 10वी, 12वी, आईटीआई, स्नातक उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अ यर्थी जिनकी आयु 18 वर्ष से 25 वर्ष तक हो भाग ले सकते हैं। चयनित अ यर्थियों को स्टाइपेण्ड 9 हजार रू. से 15 हजार रू. प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

मेले में भाग लेने उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित 12 जून 2023 को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जाएगी। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (पीएमएनएएम) में प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रत्येक बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगेंगे महिला शिविर

मंडला। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 श्री नाथ सिंह ने जानकारी दी कि जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाऐं सुदृढ़ करने हेतु जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक बुधवार को महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में महिलाओं की स पूर्ण जांच की जायेगी। जांच उपरांत एनीमिया, उच्च रक्त चाप, डायबिटीज, सरवाईकल ब्रेस्ट ओरल कैंसर एवं रजोनिवृत्ति से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उपचार के लिए चिन्हांकन किया जायेगा। शिविर में गर्भवती महिलाएं की जांच के अंतर्गत एएनसी पंजीयन, तिमाही पंजीयन, चार एएनसी जांच, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अन्य हाईरिस्क की पहचान, उपचार इले टीव सीजर के लिए चिन्हित होंगे। अन्य आयुवर्ग की महिलाओं की उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओरल कैंसर बांझपन, स्त्री रोग संबंधी अन्य समस्याओं की पहचान, सिकिल सेल एनीमिया की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग, किशोरी बालिकाएं (13 से 19 वर्ष) की रक्त अल्पता तथा माहवारी से संबंधित समस्याओं की पहचान व उपचार किया जाएगा।

बड़ी खैरी स्थित शैक्षणिक संस्था पर फर्जीवाड़े का आरोप

मंडला यशोः- जिले में आए दिन फर्जीवाड़े के समाचार सामने आ रहे हैं कभी फर्जी कंपनियां बेरोजगारों को शिकार बना रही हैं तो कभी शैक्षणिक संस्थाओं पर फर्जीवाड़े के आरोप लग रहे हैं। एक ऐसा ही मामला मंगलवार को जनसुनवाई में सामने आया जिसमें युवक ने बड़ी खैरी स्थित एक शैक्षणिक संस्था के संचालक पर बीएड कराने के नाम पर पैसा जमा कराने के बाद भी परीक्षा नहीं कराने और छात्रवृत्ति नहीं दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

घंसौर निवासी सजन शाह कुशराम ने आवेदन में बताया कि मां सरस्वती संस्था बड़ी खैरी के डायरे टर द्वारा बीएस कराने के मना पर पिछले चार साल से गुमराह किया जा रहा है एमपी टॉस छात्रवृत्ति की भी कोई कार्यवाही नहीं की गई, जब इस संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया जाता है तो कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छात्र ने कले टर को आवेदन देकर फीस वापिस कराने की मांग की गई है।

राष्ट्रवादी युवा वाहिनी संगठन ने की साक्षी हत्याकाण्ड में आरोपी को फांसी दिलाने की मांग

मंडला यशोः- दिल्ली में साक्षी हत्या कांड में आरोपी को फांसी की सजा दिलाने के लिए राष्ट्रवादी युवा वाहिनी संगठन मंडला जिला कार्यकारणी ने राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री भारत सरकार के नाम पुलिस थाना ब हनी बंजर में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनीत सोनी संभाग प्रभारी शारदा श्रीवास जिला अध्यक्ष भागवत हरदहा जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र हरदहा ब हनी बंजर नगर कार्यकारी अध्यक्ष राहुल श्रीवास नगर उपाध्यक्ष बड़े भैया बस्सं पटेल सक्रिय सदस्य ओंकार विश्वकर्मा भोला प्रसाद जी केवट उपस्थित हुए।

अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त 2 वाहन जब्त

मंडला यशोः- प्रभारी अधिकारी खनिज ने बताया कि विभिन्न प्राप्त शिकायतों के आधार पर 5 जून 2023 को थाना मोहगाँव अन्तर्गत एक वाहन ट्रे टर क्रमांक एमपी5 ए0ए8537 एवं एक वाहन ड पर क्रमांक एमपी50एच1204 थाना महाराजपुर के अन्तर्गत खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया।

उक्त संलिप्त दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में थाना प्रभारी मोहगाँव एवं महाराजपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। दोनों वाहनों के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

जनसुनवाई में सुनी गई 104 आवेदकों की समस्याएँ

मंडला यशोः- जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने 104 आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में बूढीमाई वार्ड महाराजपुर निवासी सुशीला नंदा ने कले टर के समक्ष अपनी समस्या के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कले टर डॉ. सिडाना ने तहसीलदार मण्डला को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपये की सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम संजयनगर बिंझिया निवासी मुकेश कुमार दुबे ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के संबंध में, रामनगर निवासी संतोष कुमार ने भूमि का पट्टा के संबंध में, सेवानिवृत वनरक्षक अरूण कुमार चतुर्वेदी ने पेंशन प्रकरण के संबंध में, श्रीराम वार्ड मण्डला निवासी अंकुर मिश्रा ने अनुक पा नियुक्ति के संबंध में, ग्राम सिंगारपुर निवासी पार्वती झारिया ने विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में, ग्राम मुनू निवासी रतनलाल भारतीया ने नल-जल योजना अंतर्गत जल प्रदाय करने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कले टर मीना मसराम, एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके, संयुक्त कले टर श्री घोरमारे सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

सुहागादेवी की 25 वीं पुण्यतिथि कल

मंडला। मोदी परिवार के द्वारा श्रीमति सुहागादेवी मोदी की 25 वीं पुण्यतिथि 9 जून को मनाई जावेगी। इस अवसर पर परिवार जनों ने उनके स्नेह, आदर्श, दृढ संकल्प कठिन से कठिन समय में उनका विवेक दूसरों के प्रति समर्पण की भावना साकार करने का संकल्प लेकर पुण्य स्मरण किया जावेगा। आशा व्यक्त की गई है कि आप सशरीर न होते हुए भी हम लोगों का पथ प्रदर्शन कर आर्शीवाद प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये परिवारजनों द्वारा नर्मदा तट पर कीर्त्तन, भजन, महाआरती का आयोजन किया गया है तथा गरीबों को भोजन कराया जावेगा।

-: शोकाकुल परिवार :-

स्व. मुरलीधर मोदी, स्व. अशोक कुमार मोदी, मधुसूदन मोदी, सुरेन्द्र मोदी, श्रीकांत मोदी, अनीता मोदी, कुमारी सोनम मोदी, ब्रेयांश मोदी, संदीप, सीमा मोदी एवं समस्त मोदी परिवार।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बौझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425643297